





# जिला विकास एवं सलाहकार समिति देगी विकास के नए आयाम : प्रहलाद

## सदस्य समस्याओं के साथ उसे हल करने के सुझाव भी दें, प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला विकास एवं सलाहकार समिति की पहली बैठक हुई

नवभारत न्यूज

**रीवा 13 दिसम्बर. कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में जिला विकास एवं सलाहकार समिति की पहली बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम ने कहा कि यह समिति जिले के विकास को नया आयाम देगी।**



समिति जिले के विकास के लिए दीर्घकालीन योजना तैयार करने के साथ समस्याओं को हल करने पर भी विचार मंथन करेगी। समिति के सदस्य सही तथ्यों के साथ अपनी बात रखें। बैठक में जिले के विकास से जुड़ी समस्याएं बताने के साथ.साथ उसे हल करने का सुझाव भी दें। समिति की आगामी बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा अधोसंरचना विकास के मुद्दे की चर्चा की जाएगी। इससे जुड़े अधिकारी और विशेषज्ञ बैठक में शामिल होंगे। प्रभारी मंत्री ने कहा कि आज सरकार के दो वर्ष पूरे हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों को गति मिली है। इन दो वर्षों में रीवा जिले और प्रदेश को विकास की कई सौगातें मिली हैं। इसके लिए मुख्यमंत्री जी को हम सब बधाई देते हैं। हर जिले की अपनी विशेषताएं हैं। उनके अनुरूप विकास की कार्ययोजना बनाई जाएगी। इसलिए समिति में हर वर्ग को प्रतिनिधित्व दिया गया है। समिति में शामिल विभिन्न क्षेत्रों के वरिष्ठ सदस्य जिले के विकास के लिए उपयोगी सुझाव दें। पर्यावरण की सुरक्षा के साथ.साथ जिले का विकास होए ऐसी कार्ययोजना तैयार की जाए। बैठक में विधायक सिरमौर श्री दिव्यराज सिंह ने सिरमौर से डभौरा और सिरमौर से कलवारी सड़क निर्माण के भू अर्जन कार्य में तेजी तथा डभौरा के आसपास औद्योगिक विकास केन्द्र बनाने के लिए जमीन आवंटन का सुझाव दिया। विधायक सेमरिया श्री अभय मिश्रा ने आगामी बैठक में ग्रामीण विकास विभाग पर चर्चा तथा समिति में महिलाओंए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति का प्रतिनिधित्व बढ़ाने का सुझाव दिया। विधायक मनगवां श्री नरेन्द्र प्रजापति ने गंगेव क्षेत्र के विकास के लिए मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं पर अमलए लालगांव में थाना खोलने तथा हिनौती गौधाम के लिए 8 करोड़ रुपए आवंटित करने की मांग रखी। अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती नीता कोल ने अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति बहुल बस्तियों में सामुदायिक भवनों के निर्माण एवं जनपद अध्यक्ष गंगेव श्री विकास तिवारी ने अधूरे अटल सरोवरों का निर्माण पूरा कराने का सुझाव दिया। बैठक में समिति के सदस्यों ने शिक्षा व्यवस्था में सुधारए प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र की दवाओं की सरकारी अस्पतालों में आपूर्तिए गुढ़ थाने के परिसीमनए जिले में आयुष हेल्थ टूरिज्म को बढ़ावा देनेए बहुती नहर का निर्माण पूरा कराने तथा सड़कों के किनारे वृक्षारोपण के सुझाव दिए।


बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने समिति के गठन के उद्देश्यों के गठन की जानकारी देते हुए कहा कि समिति जिले की आवश्यकताओं के अनुसार कार्ययोजना तैयार करेगी। जिले में कौशल विकासए लोकल फार वोकल तथा शासन की प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी भी यह समिति करेगी। बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र गुप्ताए डॉ अजय सिंहए जनपद अध्यक्ष सिरमौर श्रीमती रवीना साकेतए श्री राजेश पाण्डेयए श्री विवेक दुबेए डॉ प्रभाकर चतुर्वेदीए श्री कुंवर बहादुर सिंहए रावेन्द्र मिश्रा तथा समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में डीआईजी हेमंत चौहानए पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहानए आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणेए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# रानी तालाब एवं अस्पताल चौराहा से हटाया गया अतिक्रमण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 दिसम्बर. निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देश पर शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर निरंतर कार्यवाही जारी है।**



13 दिसम्बर को रानीतालाब एरिया में सड़क पटरी पर अतिक्रमण कर दुकाने सजा ली गई थी जिससे आवागवन बाधित हो रहा था, जिस पर कार्रवाई करते हुए रानी तालाब के सामने की एरिया का अतिक्रमण सख्ती के साथ हटाया गया। साथ ही अतिक्रमणकारियों को हिदायत दी गई कि दुबारा पाये जाने पर जप्ती के साथ ही वैधानिक कार्रवाई की जावेगी। इसी के साथ शहर के अन्य स्थानों में अतिक्रमण पर कार्रवाई की गई जिनमें संजय गांधी हॉस्पिटल गेट के पास से ठेले वालों को हटाया गया एवं धोबिया टंकी से जिला अस्पताल तक सड़क पटरी से अतिक्रमण हटाते हुए यातायात बहाल कराया गया। इसी प्रकार जय स्तंभ से अस्पताल चौराहा तक सड़क पटरी से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में अतिक्रमण सहायक के साथ अतिक्रमण दल मौजूद रहा।

# सफलतम दो वर्ष पर सिद्धार्थ ने सीएम को दी बधाई

नवभारत न्यूज

**त्योंथर, 13 दिसम्बर. मुख्यमंत्री आवास भोपाल में भाजपा विधायक सिद्धार्थ तिवारी तिवारी राज ने सीएम डॉ मोहन यादव से भेंट कर उनके कुशल नेतृत्व में भाजपा की जनकल्याणकारी सरकार के विकास और सेवा के सफ़ल दो वर्ष पूर्ण होने पर मुंह मीठा कराकर बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की।**



विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने त्योंथर समेत संपूर्ण विंध्य में मुख्यमंत्री द्वारा रीवा एयर पोर्ट,रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव जैसे तमाम सौगातों के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश के सर्वांगीण विकास की परिकल्पना साकार हो रही है हर गांव, हर शहर, हर वर्ग तक विकास पहुँच रहा है,इन दो वर्षों में मध्यप्रदेश ने प्रगति, पारदर्शिता और प्रदर्शन का नया मॉडल स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्र के कुशल नेतृत्व में हमारा विंध्य क्षेत्र भी विकास, विश्वास और परिवर्तन का नया अध्याय रच रहा है ।

## संतुलित आहार पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 दिसम्बर. कृषि महाविद्यालय रीवा के डीन डॉ. एस. के. त्रिपाठी व कृषि विज्ञान केंद्र रीवा के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. ए. के. पांडे के निर्देशानुसार रावे छात्राओं ने डॉक्टर संजय सिंह और डॉक्टर संदीप शर्मा के मार्गदर्शन से ग्राम 'खौर' में संतुलित आहार पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।**

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सुषमा शुक्ला जी के नेतृत्व में मिड डे मील पर कार्यक्रम किया। अंगनवाड़ी में ऋङ्खश्व छात्राओं द्वारा नाटक के माध्यम से उपस्थित महिलाओं एवं बच्चों को संतुलित भोजन से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी प्रदान की गई । जिसमे बच्चों को संतुलित आहार ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने चार्ट व चित्र के माध्यम से पोशाक तत्व जैसे-कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिन, मिनरल्स, वसा तथा दुग्ध उत्पाद के विषय में बताया। सबसे पहले उन्होंने पोषक तत्वों के स्रोतों के बारे में बताया छात्राओं ने व्यक्तिगत स्वच्छता के विषय में भी जागरूकता फैलाई । बच्चों को समझाया कि खाना खाने से पहले हाथों को अच्छी तरह साबुन से धोना चाहिए।

# रीवा में जमा होंगे जल संसाधन के 600 खिलाड़ी

## प्रतियोगिता 6 दिन चलेगी, राजेन्द्र शुक्ल होंगे मुख्य अतिथि

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 दिसम्बर. मध्य प्रदेश जल संसाधन विभाग की 34वीं अंर्तक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता रीवा में 14 दिसंबर से हो रही है. जिसका उद्घाटन मध्य प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल जी के मुख्य आतिथ्य में 11:00 दिन उदघाटित होगी.**

जबकि विशेष अतिथि तुलसीराम सिलावट मंत्री मध्य प्रदेश शासन जल संसाधन विभाग होंगे। अध्यक्षता प्रान्तीय स्पोर्टस क्लब के अध्यक्ष मनीष मंडलिक करेंगे। इस प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए रीवा खेल प्रभारी असद खान, क्षेत्रीय अध्यक्ष निशेष गोस्वामी एवं राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी मोहन लाल शुक्ल ने बताया कि पूरे प्रदेश से रीवा क्षेत्र, भोपाल क्षेत्र, ग्वालियर क्षेत्र, नर्मदा पुरम क्षेत्र, जबलपुर एवं इंदौर क्षेत्र के लगभग 600 खिलाड़ी भाग लेंगे जिसमें 25 से अधिक विभागीय महिला खिलाड़ी भी भाग लेंगी। इस प्रतियोगिता में फुटबॉल, क्रिकेट, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, शूट बाल, बालीबॉल, कबड्डी, बैडमिन्टन एवं एथलेटिक्स की खेल प्रतियोगिताएं होंगी। प्रतियोगिता 6 दिन चलेगी गंगा कछार के मुख्य अभियंता ए.के. देहरिया, अधीक्षण यंत्री मनोज तिवारी एवं कार्यपालन यंत्री एवं आयोजक आदित्य सिंह ने इस अवसर पर प्रातः 11:00 बजे दिन स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में पहुंचने का आग्रह किया है।मोहन यादव सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर संगोष्ठी हुई.

# लोक अदालत में 970 प्रकरणों का हुआ निराकरण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 दिसम्बर. मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के अंतर्गत 13 दिसम्बर 2025 को राकेश महोन प्रधान, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नवीन न्यायालय भवन के कान्फ्रेंस हॉल में दीप प्रज्जवलन कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया गया।**



इस अवसर पर लोक अदालत प्रभारी सुरेन्द्र कुमार विशेष न्यायाधीश, समीर कुमार मिश्र सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अविनाश चंद्र तिवारी प्रधान न्यायाधीश, सुधीर सिंह राठौड जिला न्यायाधीश, संदीप श्रीवास्तव जिला न्यायाधीश, मोहित कुमार जिला न्यायाधीश, आशीष कुमार शुक्ला जिला न्यायाधीश, शरद कुमार गुप्ता जिला न्यायाधीश अनुज त्यागी जिला न्यायाधीश, सुधीर सिंह ठाकुर जिला न्यायाधीश वारीन्द्र कुमार तिवारी जिला न्यायाधीश, आशीर्वाद भिलाला जिला न्यायाधीश, शशांक खरे जिला न्यायाधीश, यशपाल सिंह जिला न्यायाधीश, संतोष तिवारी जिला न्यायाधीश, श्रीमती अनु सिंह जिला न्यायाधीश, पन्ना नागेश वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश, वरुण शर्मा वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश दयाल सिंह सूर्यवंशी वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश शैलेंद्र रैकवार वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश, श्रीमती आरती तिवारी वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश मुकेश कुमार कोरी वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश, सुश्री कंचन सैनिक कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश, श्रीमती रश्मि बागरी कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश, रंजीत भदकारिया प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, श्रीमती सृष्टि चौरसिया, व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ अधिवक्ता शिवेन्द्र उपाध्याय, देवीशंकर ओझा, श्री रितेश गुप्ता, डिफेन्स काउन्सिल के अधिवक्तागण सुरेन्द्र सिंह, मंजूर अहमद मंसूरी, आनंद पाण्डेय, श्रीमती आरती तिवारी, अंकुर मिश्रा उपस्थित रहे । इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अभय कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बाताया कि नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौते के तहत प्रकरण निराकरण हेतु जिला एवं तहसील न्यायालयों में कुल 45 खंडपीठों का गठन किया गया जिसमें प्रीलिटिगेशन के 2532 प्रकरण में 1808 प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमें 21126802 राशि का आवर्ड किया गया एवं 1789 लंबित प्रकरणो में 970 प्रकरणों के निराकरण किया गया जिसमें 76800182 रूपए का अवार्ड करते हुए उक्त प्रकरणों निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से किया गया। इस तरह कुल 2778 प्रकरणों का निराकरण किया गया एवं 97826984 रुपये के अवार्ड पारित किए गए।

## संक्षिप्त




### रेवा फिल्म फेस्टो 2025 कार्यक्रम में शामिल हुए प्रभारी मंत्री

**रीवा.** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि विधाओं को उभारने का कार्यक्रम जनजागरण है। रीवा में रचनात्मकए खेल गतिविधियोंए साहित्यिक आयोजन तथा नाटऋआयोजनों से प्रतिभाओं को मंच मिल रहा है और उनकी प्रतिभा सामने आ रही है। कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में राजकपूर की 101वीं जयंती के अवसर पर डेज सोसायटी द्वारा तीन दिवसीय आयोजन के दूसरे दिन प्रभारी मंत्री कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि रीवा में दो वर्षों में हर क्षेत्र में अनेक कार्य हुए हैं। इस कार्यक्रम के आयोजक बधाई के पात्र हैं जिन्होंने युवाओं को मंच प्रदान करने का काम किया। उन्होंने कहा कि सभी जिंदगी भविष्य से गुजरती है अतरू भविष्य के विषय में विचार करना आवश्यक है। उन्होंने युवाओं का आहवान किया कि नशे से दूर रहकर स्वयं एवं अपने समाजए प्रदेश के विकास में सहभागी बनें। प्रभारी मंत्री ने कार्यक्रम के आयोजकों को सफलतम आयोजन की शुभकामना दी तथा अपेक्षा की कि इस माध्यमों से युवा आगे बढ़ेंगे। कार्यक्रम में सांसद श्री जनार्दन मिश्राए नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेयए भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ताए डॉण् अजय सिंहए रावेन्द्र मिश्राए जयराम शुक्लए शांतनु शुक्ल सहित डेज सोसायटी के विजय विश्वकर्माए तेज प्रताप सिंहए अमित पटेलए अशोक सिंह तथा बड़ी संख्या में कलाप्रेमी व स्थानीय जन उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने किया।

### कमिश्नर आज करेंगे मतदाता सूची की समीक्षा

**रीवा.** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद कलेक्ट्रेट सभागार में 14 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण की समीक्षा करेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर बेक ने सांसदए विधायकगणों तथा सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

### सड़क सुरक्षा नीति की संभाग स्तरीय बैठक 18 को

**रीवा.** कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा नीति के तहत गठित संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक 18 दिसंबर को कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में अपरान्ह 12ण्30 बजे से आयोजित की गयी है। बैठक में सर्वसंबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गयी है।

### संजीवनी क्लीनिक रतहरी में 15 को लगेगा शिविर

**रीवा.** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में 18 दिसम्बर तक निरूशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाए जा रहे हैं। संजीवनी क्लीनिक रतहरी में 15 दिसम्बर को निरूशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया जाएगा। शिविर में चिकित्सकों के दल तथा तकनीशियन तैनात रहेंगे। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा नोडल अधिकारी को शिविर में उपचार की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

# त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन के लिए आदर्श आचरण संहिता लागू

नवभारत न्यूज

**मऊगंज 13 दिसम्बर . त्रि.स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2025 ;उत्तरार्द्धद्ध को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष संपादित करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय कुमार जैन द्वारा संबंधित पंचायत एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता तत्काल प्रभाव से प्रभावशील हो गयी है।**

जिला मऊगंज के जनपद पंचायत मऊगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत पन्नी एवं पंच पद हेतु ग्राम पंचायत गोंदरी अम्बिकाराम वार्ड क्रमांक 12ए सेमरिया कुंजबिहारी वार्ड क्रमांक 2ए उमरी वार्ड क्रमांक 6 तथा बहेराडाबर वार्ड क्रमांक 4 में निर्वाचन संपन्न होगा। कलेक्टर एवं दण्डाधिकारी ने संबंधित क्षेत्रों में अवैध रूप से शस्त्र एवं बारूद्ध रखने वालेए विस्फोटक पदार्थों के भण्डारण आदि अवैध गतिविधियों में संलग्न तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। मतदाताओं को मतदान केन्द्रों तक सवारी गाड़ी से ले जाने को भी अपराध माना जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संबंधित क्षेत्रों में संपत्ति विरूपण में पोस्टरए बैनरए नारा एवं होर्डिंगस आदि हटाने के लिए अधिकारियों के दल गठित किये हैं जो निरंतर अपने कार्य क्षेत्र में भ्रमण करते हुए लोक संपत्तियों को विरूपित होने से रोकेगे। जिला दण्डाधिकारी द्वारा संबंधित क्षेत्र में शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत प्रदत्तशक्तियों का उपयोग करते हुए शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों की शस्त्र अनुज्ञप्ति तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए तीन दिवस में संबंधित थानों में शस्त्र जमा करने के आदेश दिये हैं। कलेक्टर एवं दण्डाधिकारी द्वारा संबंधित क्षेत्रों में कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व किसी भी प्रकार से लाउडस्पीकर के उपयोग की अनुमति नही दी जायेगी।

## रीवा नगर निगम ने एनिमल केयर फाउंडेशन को लापरवाही पर जारी किया नोटिस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 दिसम्बर. एनिमल बर्थ कंट्रोल नियमों के तहत रीवा नगर निगम द्वारा अनुबंधित संस्था एनिमल केयर फाउंडेशन को स्टेरलाइजेशन ( बधियाकरण ) कार्य को समुचित रूप से संचालन न किए जाने पर नोटिस जारी की गई है ।**

संस्था द्वारा नियमन कार्य न करने पर लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। प्राप्त शिकायतों के तारतम्य में नगर निगम द्वारा मामले की जांच करते हुए कार्य में लापरवाही पाए जाने पर नगर निगम द्वारा संबंधित संस्था को नोटिस जारी करते हुए स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि निर्धारित समय-सीमा में सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो अनुबंध समाप्त (टर्मिनेट) कर दिया जाएगा।

## साम्प्रदायिकता से जुड़े भूमि विवाद के मॉनीटरिंग सेल की बैठक 18 को

**रीवा, 13 दिसम्बर.** कमिश्नर बीएस जामोद की अध्यक्षता में साम्प्रदायिकता से जुड़े भूमि विवाद की मानीटरिंग सेल की बैठक 18 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से आयोजित की गयी है। कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में पुलिस महानिरीक्षक सहित संभागान्तर्गत जिलों के कलेक्टर्सए पुलिस अधीक्षक एवं जोनल पुलिस अधीक्षक विशेष शाखा उपस्थित रहेंगे।

# लोगों को स्वदेशी वस्तुएं अपनाने के लिए प्रेरित किया

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 दिसम्बर. आज रीवा में कैट एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वाधान में स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा का भव्य आयोजन किया गया आज पूरा रीवा स्वदेशी मय हो गया स्वदेशी गीतों से गूंज रीवा नगर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रीवा के प्रभारी मंत्री मध्य प्रदेश शासन के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने स्वदेशी रथ को भगवा झंडी दिखाकर रवाना किया.**

प्रभारी मंत्री कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर सर्वप्रथम अमर शहीद हेमु कालाणी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि की तत्पश्चात उन्होंने अपने उद्बोधन में कैट एवं स्वदेशी जागरण की भुरी-भुरी प्रशंसा की उन्होने कहा कि आप लोगों ने प्रधानमंत्री को सपनों को साकार करते हुए यह भव्य स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा निकाली है उसके लिए आप बधाई के पात्र हैं विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र गुप्ता एवं नगर पालिका निगम रीवा के अध्यक्ष वेंकटेश पांडे ने भी उक्त कार्यक्रम के लिए आयोजन के टीम रीवा एवं स्वदेशी जागरण मंच का साधुवाद कहा एवं आम नागरिकों से अपील की कि वह स्वदेशी वस्तुओं का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें.

कार्यक्रम स्थल पर लोगों को स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के लिए संकल्प दिलाया गया मध्य प्रदेश रथ यात्रा के प्रभारी गोविंद असाठी जी ने कैट रीवा एवं स्वदेशी जागरण मंच की ओर से सभी का आभार प्रकट किया. उक्त आयोजन में रीवा के विभिन्न व्यापारिक संगठनों सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी ने बड़ी संख्या में भाग लिया प्रमुख रूप से विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष सुनील सिंह नगर निगम नेता प्रतिपक्ष दीनानाथ वर्मा, गुरुद्वारा के महंत स्वामी कमल दास जी मध्य प्रदेश रथ यात्रा प्रभारी गोविंद असाठी, कैट के प्रांतीय उपाध्यक्ष महेश ठारवानी, कैट के संभागीय अध्यक्ष चंद्रशेखर अग्रवाल सतना,विंध्य व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष नरेश काली कैट के जिला महामंत्री अतुल अग्रवाल वरिष्ठ समाजसेवी कमलेश सचदेव,आदि लोगो ने भाग लिया।

रथ यात्रा मार्ग में व्यापारी संगठनों एवं व्यापारियों जिसमें मुख्य रूप से विजय ठारवानी बृजवासी परिवार रोशन कोटवानी राहुल टंडन मुकेश हिरवानी गुलाब नागपाल पम्मी सोनी स्टैचू चौराहा व्यापारी संघ आदि ने पुष्प वर्षा कर रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया

# मोहन यादव सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर हुई संगोष्ठी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 दिसम्बर. भारतीय जनता पार्टी कार्यालय अटल कुंज में आयोजित संगोष्ठी मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुई।**




कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने की। यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में 'विकास और सेवा' के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी में दो वर्ष में लोक कल्याणकारी कार्यों की विस्तृत चर्चा की गई एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार एवं कार्यकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाये देते हुए मिष्ठान वितरण किया गया एवं भाजपा कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों जिला सह कार्यालय मंत्री जय प्रताप सिंह, कम्प्यूटर ऑपरेटर महेंद्र त्रिपाठी (गुड्डू), राकेश कुशवाहा एवं शिवशंकर कुशवाहा का मुख्य अतिथि द्वारा शाल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर 13 दिसम्बर को भारतीय लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन में आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को याद करते हुए 2 मिनट का मौन रखकर विनम्र श्रद्धांजली दी गई।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, जिला महामंत्री उमाशंकर पटेल, विवेक गौतम, जीवनलाल साकेत, जिला उपाध्यक्ष प्रबोध व्यास, राजेश प्रताप सिंह, अशोक सिंह गहरवार, मनीषचन्द्र शुक्ला, जिला मंत्री रविराज विश्वकर्मा, श्रीमती गीता मांझी, बृजेन्द्र गौतम, श्रीमती सुमन शुक्ला, बाबूलाल यादव,नीलू रावत, मधु द्विवेदी, पूर्णिमा मिश्रा, शिवशंकर शुक्ला, जगन्नाथ साहू सहित आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।